विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 131 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
   अटल नगर, नवा रायपुर
2. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.
3. **कलेक्टर,**
   जिला–राजनांदगांव, खैरागढ़,
   छत्तीसगढ़

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 874 तारांकित द्वारा श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 874 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 132 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला–राजनांदगांव, खैरागढ़, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **धान खरीदी केद्रों में धान की सुखत के नाम पर कमी बताकर गबन/घोटाला किया जाना**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **874** ) **श्रीमतीहर्षिता स्वामी बघेल**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या वर्ष 2025-26 में राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में धान खरीदी केद्रों में धान की सुखत के नाम पर कमी बताकर अनियमितता गई है ? यदि हां तो केंद्रवार धान कमी की मात्रा,राशि ,अनुमानित वित्तीय क्षति की जानकारी देवें ? इसके लिए कौन-कौन जिम्मेदार हैं ? विकसखंडवार ,समितिवार जानकारी देवें ? (ख ) प्रश्नाश (क) कितने केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया गया है ? कितने धान खरीदी केंन्द्रो में कमी की शिकायत के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं? क्या उक्त प्रकरणों की जांच हेतु जांच कमेटी का गठन किया गया है ? यदि हां तो जांच कब प्रारंभ हुई तथा अब तक जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं? दर्ज प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों/अधिकारियों/कर्मचारियों/समिति प्रबंधकों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई जानकारी देवें ?

**उत्तर :**

कलेक्टर राजनांदगांव , खैरागढ़
अपेक्स बैंक / मार्कफेड